अनुक्रमांक .

नाम .

901

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7

# 801(BF)

## 2025

## हिन्दी

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]  [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

**निर्देश :**

i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) यह प्रश्नपत्र **दो** खण्डों, **खण्ड – अ** तथा **खण्ड – ब** में विभक्त है ।

iii) **खण्ड – अ** में **1** अंक के **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके सही उत्तर **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर **नीले** अथवा **काले बाल प्वाइंट कलम** से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें ।

iv) **खण्ड – अ** के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें । **ओ० एम०आर०** उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें ।

v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

vi) **खण्ड – ब** में **50** अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।

vii) **खण्ड – ब** में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें ।

viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए । जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए ।

## खण्ड – 'अ'

### बहुविकल्पीय ( वस्तुनिष्ठ ) प्रश्न

1. 'रानी केतकी की कहानी' के रचनाकार हैं
   (A) सदल मिश्र (B) इंशा अल्ला खाँ (C) सदासुख लाल (D) लल्लू लाल 1
2. 'अजातशत्रु' नाटक के रचनाकार हैं
   (A) जयशंकर प्रसाद (B) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (C) रामचन्द्र शुक्ल (D) रामकुमार वर्मा 1
3. शुक्ल-युग के, 'आलोचना' विधा के प्रमुख लेखक हैं
   (A) प्रेमचन्द (B) प्रतापनारायण मिश्र (C) रामचन्द्र शुक्ल (D) इनमें से कोई नहीं 1
4. शुक्लोत्तर युग की समयावधि है
   (A) सन् 1900 से 1918 ई० तक (B) सन् 1938 से 1947 ई०
   (C) सन् 1947 से अब तक (D) सन् 1918 से 1938 ई० 1
5. 'अनन्त आकाश' के रचनाकार हैं
   (A) जयप्रकाश भारती (B) धर्मवीर भारती (C) बाबू गुलाब राय (D) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' 1
6. प्रयोगवादी काव्य की विशेषता है
   (A) रस पर आधारित ग्रन्थ (B) आश्रयदाताओं की प्रशंसा
   (C) नवीन उपमानों का प्रयोग (D) इनमें से कोई नहीं 1
7. रीतिकाल की समयावधि है
   (A) सन् 1643 से 1656 ई० (B) सन् 1643 से 1843 ई०
   (C) सन् 1643 से 1943 ई० (D) सन् 1643 से 1800 ई० 1
8. आधुनिक युग की 'मीरा' कही जाती हैं
   (A) मीराबाई (B) सुभद्रा कुमारी चौहान (C) महादेवी वर्मा (D) इनमें से कोई नहीं 1
9. 'मैथिलीशरण गुप्त' की रचना है
   (A) परिवर्तन (B) भारत-भारती (C) नीरजा (D) कामायनी 1
10. केदारनाथ सिंह किस सप्तक के कवि हैं ?
    (A) 'तार सप्तक' के (B) 'दूसरा सप्तक' के (C) 'तीसरा सप्तक' के (D) 'चौथा सप्तक' के 1
11. जो घनीभूत पीड़ा थी, मस्तक में स्मृति सी छाई ।
    दुर्दिन में आँसू बनकर, वह आज बरसने आयी ।।
    उपर्युक्त पंक्तियों में रस है
    (A) वीर रस (B) करुण रस (C) हास्य रस (D) शान्त रस 1
12. रूपक अलंकार होता है
    (A) उपमेय-उपमान की समानता में (B) उपमेय-उपमान के अभेद में
    (C) उपमेय से उपमान की विशिष्टता में (D) उपमेय से उपमान की हीनता में 1

13. किस छन्द के प्रत्येक चरण में 11-13 के विराम से 24 मात्राएँ होती हैं ? 1

(A) दोहा (B) रोला (C) चौपाई (D) बरवै

14. 'परिपूर्ण' शब्द में उपसर्ग है 1

(A) प (B) परि (C) पूर्ण (D) पर

15. 'माता-पिता' में समास है 1

(A) अव्ययीभाव समास (B) द्विगु समास (C) द्वन्द्व समास (D) कर्मधारय समास

16. 'धीरज' शब्द का तत्सम-रूप कौन-सा है ? 1

(A) धैर्य (B) धारण (C) शान्ति (D) सहन करना

17. 'तस्य' शब्द में विभक्ति और वचन है 1

(A) द्वितीया, एकवचन (B) चतुर्थी, एकवचन (C) षष्ठी, एकवचन (D) प्रथमा, एकवचन

18. जिस वाक्य में क्रिया की प्रधानता हो, वह वाच्य है 1

(A) कर्मवाच्य (B) कर्तृवाच्य (C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई **नहीं**

19. विकारी पद (शब्द) कितने प्रकार के होते हैं ? 1

(A) 2 (B) 4 (C) 3 (D) 6

20. जातिवाचक 'संज्ञा' शब्द है 1

(A) शिक्षक (B) दरबार (C) अँधेरा (D) कोमल

## खण्ड – 'ब'

### वर्णनात्मक प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 2 = 6$

स्वस्थ होकर मुग़ल ने कहा – "माता ! तो फिर मैं चला जाऊँ ?" स्त्री विचार कर रही थी – "मैं ब्राह्मणी हूँ, मुझे तो अपने धर्म अतिथिदेव की उपासना का पालन करना चाहिए । परन्तु यहाँ नहीं – नहीं, सब विधर्मी दया के पात्र नहीं । परन्तु यह दया तो नहीं कर्तव्य करना है । तब ?"

मुग़ल अपनी तलवार टेककर उठ खड़ा हुआ । ममता ने कहा – "क्या आश्चर्य है कि तुम भी छल करो, ठहरो ।"

"छल ! नहीं, तब नहीं स्त्री ! जाता हूँ, तैमूर का वंशधर स्त्री से छल करेगा ? जाता हूँ ।"

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) ममता ने किस उपासना का पालन किया ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

अथवा

अभी चन्द्रमा के लिए अनेक उड़ानें होंगी । दूसरे ग्रहों के लिए मानवरहित यान छोड़े जा रहे परिक्रमा करने वाला स्टेशन स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयत्न किये जा रहे हैं । ऐसा स्टे ब्रह्माण्ड के रहस्यों की पर्तें खोलने में काफी सहायता मिलेगी । यह पृथ्वी मानव के लिये पालने के हमेशा-हमेशा के लिए इसकी परिधि में बँधा हुआ नहीं रह सकता । अज्ञात की खोज में वह कह कौन कह सकता है ?

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम और लेखक का नाम लिखिए ।

(ii) अन्तरिक्ष में स्टेशन बन जाने से मानव को किसमें सहायता मिलेगी ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

मोर-मुकुट की चंद्रिकनु, यौं राजत नँद नंद ।
मनु ससि सेखर की अकस, किय सेखर सत चंद ।।
सोहत ओढ़ै पीतु पटु, स्याम सलौनैं गात ।
मनौ नीलमनि-सैल पर आतपु पर्‍यौ प्रभात ।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) पद्यांश में प्रयुक्त अलंकारों को पहचानकर उनके नाम लिखिए ।

**अथवा**

हे चिर महान !
यह स्वर्णरश्मि छू श्वेत भाल,
बरसा जाती रंगीन हास,
सेली बनता है इन्द्रधनुष,
परिमल मल मल जाता बतास !
पर रागहीन तू हिम निधान !
नभ में गर्वित झुकता न शीश
पर अंक लिये है दीन क्षार ;

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(iii) 'परिमल मल मल जाता बतास' इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए ।

3. निम्नलिखित संस्कृत गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 2 + 3 = 5

(क) आरक्षकः – श्रीमन् ! अयम् अस्ति चन्द्रशेखरः ।

अयं राजद्रोही । गतदिने अनेनैव असहयोगीनी सभायाम् एकस्य आरक्षकस्य दुर्जय सिंहस्य मस्तके प्रस्तर खण्डेन प्रहारः कृतः येन दुर्जय सिंहः आहतः ।

न्यायाधीशः – (तं बालकं विस्मयेन विलोकयन् रे बालक ! तव किं नाम ?

**अथवा**

(ख) अस्माकं संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते । मानव-जीवनं संस्कर्तुम एषा यथासमयं नवां नवां विचारधारां स्वीकरोति, नवां शक्तिं च प्राप्नोति । अत्र दुराग्रहः नास्ति, यत् युक्ति युक्तं कल्याणकारि च तदत्र सहर्षं गृहीतं भवति । एतस्याः गतिशीलतायाः रहस्यं मानव-जीवनस्य शाश्वतमूल्येषु निहितम्, तद् यथा सत्यस्य प्रतिष्ठा, सर्वभूतेषु समभावः विचारेषु औदार्यम्, आचारे दृढ़ता चेति ।

4. निम्नलिखित संस्कृत श्लोकों में से किसी **एक** का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीज़िए : 2 + 3 = 5

मङ्गलं मरणं यत्र विभूतिर्यत्र भूषणम् ।

कौपीनं यत्र कौशेयं तेन काशी केन मीयते ।।

**अथवा**

माता गुरुतरा भूमे खात् पितोच्चतरस्तथा ।

मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात् ।।

5. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर दिए गए प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 1 × 3 = 3

(क) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के प्रमुख पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर आधुनिक भारत के निर्माता पं० जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

(ग) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग 'दौलत' की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए ।

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के किस पात्र ने आपको देश प्रेम के लिए प्रेरित किया है । उसके चरित्र की विशेषताएँ लिखिए ।

(घ) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'आयोजन सर्ग' का कथानक संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर 'युधिष्ठिर' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ङ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक 'सुभाषचन्द्र बोस' की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए ।

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।

(च) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का सारांश लिखिए ।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर कर्ण का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(छ) (i) 'कर्मवीर भरत' के तृतीय सर्ग (कौशल्या-सुमित्रा मिलन) की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'भरत' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(ज) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के किसी एक सर्ग का सारांश लिखिए ।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के नायक 'चन्द्रशेखर आजाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नवम् सर्ग (लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध तथा लक्ष्मण की मूर्च्छा) की कथ संक्षेप में लिखिए ।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघनाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

6. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रच- उल्लेख कीजिए : 3 + 2

(i) रामचन्द्र शुक्ल

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) भगवतशरण उपाध्याय ।

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का कीजिए : 3 + 2

(i) सूरदास

(ii) माखनलाल चतुर्वेदी

(iii) सुभद्राकुमारी चौहान ।

7. अपनी पाठ्यपुस्तक के संस्कृत खण्ड से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो। 2

8. अपने जनपद में स्थित किसी धार्मिक अथवा ऐतिहासिक स्थल का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। 4

1 + 1 = 2

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए :

(i) विश्वासः केन वर्धते ?

(ii) भारत विजयः न केवलं दुष्करः असम्भवोऽपि इति कस्य उक्तिः ?

(iii) चन्द्रशेखरः स्व गृहं किम् अवदत् ?

(iv) कः मुगल युवराजः उपनिषदाम् अनुवाद पारसीभाषायां कारितः ?

1 × 7 =

10. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(i) नारी–शिक्षा

(ii) वनों के काटने से हानियाँ

(iii) किसी एक त्योहार का वर्णन

(iv) विज्ञान–वरदान या अभिशाप

(v) बेरोजगारी की समस्या

A0177709